# काउंसिल अपशिष्ट सेवाओं के भविष्य पर अपनी राय दें

काउंसिल Food and Garden Organics (FOGO) अपशिष्ट एकत्रण सेवा की भावी शुरूआत पर समुदाय की प्रतिक्रिया मांग रही है।

***सामुदायिक सर्वेक्षण पूरा करके आप $100 डॉलर मूल्य के 10 उपहार वाउचर में से एक जीत सकते हैं***!

ड्रा में भाग लेने के लिए शुक्रवार 28 जनवरी 2022 को शाम 5 बजे से पहले participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/fogo पर अपने विचार रखें.

**प्रतिक्रिया देने के अन्य तरीके:**

टिप्पणियाँ waste@cityofparramatta.nsw.gov.au पर ईमेल की जा सकती हैं

या यहाँ पर डाक द्वारा भेजी जा सकती हैं:

City of Parramatta Council
Attention: Waste Team
Subject: FOGO Waste Proposal
PO Box 32, Parramatta NSW 2124

कृपया अपना पूरा नाम, संपर्क विवरण और पता स्पष्ट रूप से लिखें।

SCAN ME

अगर आप फोन पर किसी व्यक्ति से किसी अन्य भाषा में बात करना चाहते हैं, तो नि:शुल्क दुभाषिया सेवा के लिएTIS National को 131 450 पर कॉल करें. उन्हें बताएं कि आप City of Parramatta काउंसिल की वेस्ट हॉटलाइन (Council's Waste Hotline) से 9806 5544 पर अपनी भाषा में बात करना चाहते हैं, और वे आपको उनसे कनेक्ट कर देंगे।

## काउंसिल किन चीज़ों पर विचार कर रही है?

**काउंलिस निवासियों को सभी खाद्य और बगीचे के कचरे को साप्ताहिक एकत्रण के लिए हरे-ढक्कन वाले कचरे के डिब्बे में डालने का प्रस्ताव दे रही है। परिणामस्वरूप, आपका लाल ढक्कन वाला कचरे का डिब्बा बदला जा सकता है। चार विकल्प हैं:**

| | लाल बिन विकल्प | लागत | लैंडफिल से डायवर्जन |
|---|---|---|---|
| 1. | 140 लीटर लाल बिन साप्ताहिक एकत्रण | $379.72 | 68% |
| 2. | 140 लीटर लाल बिन हर दो सप्ताह में एकत्रण | $313.76 | 75% |
| 3. | 80 लीटर लाल बिन साप्ताहिक एकत्रण | $336.59 | 75% |
| 4. | 80 लीटर लाल बिन 2 साल के लिए साप्ताहिक एकत्रण, उसके बाद हर दो सप्ताह में एकत्रण | $290.64 | 79% |

मौजूदा बिन व्यवस्था के लिए $349.49 का शुल्क, एक वर्ष के लिए अपशिष्ट के एकत्रण और उसके निपटान का शुल्क है। यह घरेलू अपशिष्ट शुल्क (Domestic Waste Charge) का एक भाग है।

## अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQ)

### खाद्य अपशिष्ट के लिए इतनी चिंता क्यों?

हमारे लाल ढक्कन वाले सामान्य कचरे के डिब्बे में लगभग आधा कचरा खाद्य अपशिष्ट का होता है। जब खाद्य अपशिष्ट को लैंडफिल में डाला जाता है, तो वह सड़ जाता है और हानिकारक ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करता है।

NSW सरकार ने 2030 तक सभी घरों के लिए खाद्य अपशिष्ट एकत्रण सेवा का लक्ष्य रखा है। काउंसिल का अपशिष्ट अनुबंध 2024 में समाप्त होने के साथ, अब हमारे लिए अपनी भविष्य की अपशिष्ट सेवाओं की योजना बनाना शुरू करने का सही समय है, ताकि वे हमारे पर्यावरण और हमारे समुदाय के लिए अच्छे परिणाम दे सकें।

### खाद्य अपशिष्ट को किस बिन में रखा जाएगा?

काउंसिल का प्रस्ताव है कि खाद्य अपशिष्ट को आपके मौजूदा हरे ढक्कन वाले गार्डन ऑर्गेनिक बिन में रखा जाए और साप्ताहिक रूप से उसे खाली किया जाए।

### खाद्य और उद्यान ऑर्गेनिक सेवा के क्या लाभ हैं?

अलग-अलग एकत्रित किए जाने पर, इन सामग्रियों को खाद में संसाधित किया जा सकता है और उस खाद को हमारे पार्कों, खेल के मैदानों और खेतों की मिट्टी में सुधार करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

खाद्य और ऑर्गेनिक कचरे को अलग-अलग एकत्र करने की लागत इस सामग्री को लैंडफिल में भेजने की लागत से कम है।

### क्या इस नई सेवा को चालू किया जा चुका है?

नहीं। काउंसिल उपलब्ध विभिन्न विकल्पों और सामुदायिक प्राथमिकताओं के बारे में पता कर रही है।

### अगर मेरे पास हरे ढक्कन वाला गार्डन ऑर्गेनिक बिन नहीं है तो क्या होगा?

काउंसिल का इरादा सभी घरों में नई कचरा सेवा के हिस्से के रूप में डिब्बे लगाने का है।

### क्या गृह इकाइयों और अपार्टमेंटों में भी खाद्य और ऑर्गेनिक एकत्रण उपलब्ध कराए जाएंगे?

काउंसिल सभी प्रकार के आवासों के लिए खाद्य और ऑर्गेनिक एकत्रण शुरू करने के विकल्प देख रही है। कचरे के बिन की संख्या और उन्हें खाली करने की आवृत्ति परिसर के आकार और बिन को स्टोर करने के लिए उपलब्ध स्थान पर निर्भर करेगी।

### कितनी बार खाद्य और ऑर्गेनिक कचरे के बिन खाली किए जाएंगे?

इन हरे ढक्कन वाले कचरे के डिब्बों, जिनमें आपके बगीचे के कचरे के साथ खाद्य अपशिष्ट डाला जाएगा, इन डिब्बों (FOGO बिन) का एकत्रण साप्ताहिक होगा।

### क्या इसका मतलब है कि मेरे लाल कचरे के डिब्बे में बदलाव होगा?

इस सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से प्रदान की गई प्रतिक्रिया लाल कचरे के डिब्बे में भविष्य में होने वाले किसी भी बदलाव को सूचित करने में मदद करेगी। हम यह समझना चाहते हैं कि कौन से विकल्प सबसे अधिक वांछनीय हैं, और कौन से विकल्प लोग स्वीकार करने के इच्छुक होंगे।

### क्या खाद्य और उद्यान ऑर्गेनिक एकत्रण की शुरूआत में अतिरिक्त शुल्क लगेगा?

लैंडफिल और ऑर्गेनिक्स के संग्रह और प्रसंस्करण की वर्तमान शुल्क दरों के आधार पर, काउंसिल को उम्मीद है कि फूड एंड गार्डन ऑर्गेनिक्स (FOGO) सेवा की शुरुआत में हमारे खाद्य अपशिष्ट को लैंडफिल में भेजने की तुलना में कम खर्च आएगा।

सामुदायिक प्रतिक्रिया के लिए प्रस्तुत किए जा रहे 4 विकल्पों में से प्रत्येक के बीच लागत अंतर, लाल ढक्कन वाले सामान्य अपशिष्ट कचरे के डिब्बे के आकार और एकत्रण आवृत्ति से प्रभावित होता है। कचरे के डिब्बे के साप्ताहिक एकत्रण पर पाक्षिक एकत्रण से अधिक खर्च होगा।

इसी तरह, एक बड़े कचरे के डिब्बे का शुल्क, छोटे कचरे के डिब्बे से अधिक होगा।

### FOGO बिन में कौन से खाद्य अपशिष्ट डाले जा सकते हैं?

अधिकांश FOGO प्रोसेसर में फल और सब्जी का कूड़ा, मांस उत्पाद, ब्रेड, पास्ता, चावल, डेयरी उत्पाद, चाय और कॉफी ग्राउंड, साथ ही छोटी हड्डियाँ और शैलफ़िश जैसे सभी खाद्य पदार्थ अपशिष्ट डाले जा सकते हैं।

### क्या होगा अगर मैं पहले से ही खाद बनाता हूँ और मेरे पास बगीचे का कचरा होता ही न हो?

हरे ढक्कन वाले फूड एंड गार्डन ऑर्गेनिक्स (FOGO) कचरे के डिब्बे का उपयोग उन वस्तुओं के लिए किया जा सकता है, जिनसे आप वर्तमान में खाद नहीं बना सकते, जैसे डेयरी उत्पाद, हड्डियां, मांस/मछली और वीड।

### क्या होगा अगर मैं अपने हरे ढक्कन वाले ऑर्गेनिक कचरे के डिब्बे को पहले से ही भरता आ रहा हूँ?

फूड एंड गार्डन ऑर्गेनिक्स (FOGO) सेवा की शुरुआत के साथ हरे रंग के ढक्कन वाले FOGO बिन को पाक्षिक के बजाय साप्ताहिक रूप से एकत्र किया जाएगा।